Patrika

682 Patwari posts to be recruited soon in Chattisgarh

रायपुर. वित्त विभाग ने राजस्व निरीक्षकों (आरआई) और पटवारियों के 682 पदों पर भर्ती की मंजूरी दे दी। इसके लिए प्रदेश में आरआई के 77 व पटवारी के 575 पदों के लिए भर्ती परीक्षा होगी। राजस्व विभाग के उप सचिव रमेश शर्मा ने आयुक्त भू-अभिलेख को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। प्रदेश में पटवारियों के 5 हजार 200 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में 3 हजार 717 ही काम पर हैं। हाल ही में 342 पटवारियों की भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने परीक्षा ली है। पटवारियों के 1 हजार 285 पद रिक्त हैं। वहीं, आरआई के स्वीकृत पद 695 हैं, लेकिन 437 ही तैनात हैं और258पद खाली हैं।